चंचल कुमार तिवारी
प्रमुख सचिव।

समयबद्ध/प्राथमिकता
अनुस्मारक-।।

अर्द्ध0शा0प0सं0- 86/2016 /2854/33-3-2016-241/2016
उत्तर प्रदेश शासन
पंचायती राज अनुभाग-3
लखनऊः दिनांकः नवम्बर, 2016

प्रिय महोदय,

ग्रामीण अन्त्येष्टि स्थल एवं सी.सी. रोड/के.सी. ड्रेन का निर्माण कार्य दिनांक 02.10.2016 तक शत प्रतिशत पूर्ण कराये जाने विषयक शासन के पत्र संख्या-2166/ 33-3-2016-241/2016, दिनांक 11.08.2016 एवं दिनांक 28.10.2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा योजना का माइल स्टोन के अनुसार तत्परतापूर्वक त्वरित कार्यवाही करके शत प्रतिशत 02 अक्टूबर, 2016 तक प्रत्येक दशा में निर्माण पूर्ण कर शासन को अवगत कराये जाने का अनुरोध किया था, वांछित सूचना एक माह व्यतीत होने के बाद भी उपलब्ध नहीं किया गया है।

2- इस संबंध में पुनः मुझे आपसे यह कहने की अपेक्षा की गयी है कि उपरोक्त योजना सरकार की प्राथमिकता से आच्छादित है। के. सी. ड्रेन/सी.सी. रोड एवं ग्रामीण अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण कार्य भी निर्धारित मानक के अनुसार गुणवत्तापरक ढ़ंग से समस्त विशिष्टियों सहित कार्य पूर्ण कराकर, मौके का शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन रिपोर्ट स्पष्ट संस्तुति/ अभिमत के साथ शासन को **एक पक्ष** में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्रकरण की महत्ता एवं योजना की प्राथमिकता के दृष्टिगत व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)

नाम से ,
समस्त जिलाधिकारी।

shasnadeshup.nic.in

संख्या व दिनांक- तदैव।

प्रतिलिपि समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित है कि कृपया दिनांक 11.08.2016 को प्रेषित पत्र में अनुरोध किया गया था कि उक्त योजना के निर्माण कार्य के लक्ष्य पूर्ण करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने एवं निर्माण कार्य का भौतिक सत्यापन/स्थलीय निरीक्षण की प्रगति आख्या संकलित करके उपलब्ध करायेंगे। वांछित आख्या एक माह व्यतीत होने के बाद भी प्रेषित नहीं किया गया है। पुनः अनुरोध है कि योजना के शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें। यह भी अनुरोध है कि योजना के प्रभावी होने में लापरवाही परिलक्षित हो तो संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव अपने अभिमत के साथ शासन को उपलब्ध कराने तथा वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि वर्ष 2016-17 के अंकन के समय उक्त योजना के सफल होने से संबंधित अधिकारियों द्वारा की गयी कार्यवाही/प्रयास से हुई प्रगति को भी संज्ञान में लिया जायेगा।

आज्ञा से,

(चंचल कुमार तिवारी)

प्रमुख सचिव।

Shasnadeshup.nic.in